रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक- 7-मार्च-2023

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को पहचानना जरूरी: श्री संजय कुमार, सीएमडी, रेलटेल

****

रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल ने नई दिल्ली में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और देश भर के क्षेत्रीय कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

उत्सव के एक हिस्से के रूप में, रेलटेल की महिला कर्मचारियों के लिए, सर गंगा राम अस्पताल के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. सुमित गुप्ता, त्वचा विज्ञान (डर्मेटोलॉजी) में associate consultant, और सुश्री मुक्ता वशिष्ठ, आहार विशेषज्ञ द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए त्वचा देखभाल और पोषण पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री संजय कुमार, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा, "यह दिन विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। भारत एक ऐसा देश है जो महिला सशक्तीकरण पर जोर देता रहा है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं के योगदान को पहचानना आवश्यक है। रेलटेल में महिला कार्यबल कंपनी की सभी गतिविधियों में सबसे आगे रही है और वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में उत्कृष्ट रही है। मैं उनकी सफलता की कामना करता हूं।"

महिलाओं के अधिकारों, समानता और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मुद्दों को उजागर करने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य न केवल महिलाओं के मुद्दों को उजागर करना है बल्कि gender समानता की वकालत करने के लिए सभी को प्रोत्साहित करना और एकजुट करना भी है।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता

नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए

कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6108+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:

sucharita@railtelindia.com